षोडश

बिहार विधान सभा

सप्तम सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 03 भाद्र, 1939 (श0) / 25 अगस्त, 2017 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 04

(1) स्वास्थ्य विभाग	..	..	03
(2) आपदा प्रबंधन विभाग	..	..	01
		कुल योग —	04

लक्ष्य की प्राप्ति

4. श्री राघव शरण पाण्डेय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ''नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (एन0एफ0एच0एस0-4)'' 2015-16 से प्राप्त आँकड़ों के अनुसार बिहार में टोटल फर्टिलिटी रेट (टी0एफ0आर0) 3.4 है जो देश के अन्य सभी राज्यों एवं राष्ट्रीय औसत 2.2 से बहुत अधिक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार का लक्ष्य इस दर को न्यूनतम करना है जिससे नागरिकों के आर्थिक, सामाजिक स्तर में सुधार हो सके ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस दर को राष्ट्रीय औसत के बराबर लाने का लक्ष्य रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा उपलब्ध कराना

5. श्री संजय सरावगी--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 27 जून, 2017 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''चार लाख पेंशनर को नहीं मिलती फ्री चिकित्सा सुविधा'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार देश का इकलौता राज्य है जहाँ के 4 लाख पेंशनर को मुफ्त चिकित्सा सुविधा नहीं मिलती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि माननीय सर्वोच्चय न्यायालय द्वारा बिहार के पेंशनरों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिये नियमावली बनाने का निर्देश सन् 1998 ई0 में दिया गया था जबकि अबतक इससे संबंधित नियमावली नहीं बनी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो बिहार राज्य के 4 लाख पेंशनरों को अबतक निःशुल्क चिकित्सा सुविधा नहीं उपलब्ध कराने का क्या औचित्य है ?

सुविधा उपलब्ध कराना

6. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में मलेरिया, टायफायड, कैंसर आदि गंभीर बीमारी से संबंधित रोगियों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार के पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल, आई0जी0आई0एम0एस0 सहित तमाम सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त दवाई, बेड एवं चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं होने के कारण रोगियों को प्राइवेट क्लीनिक में जाने को बाध्य होना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार रोगियों को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

क्षति को रोकना

7. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के गंगा सहित अन्य नदियों में बाढ़ की विभीषिका से प्रत्येक वर्ष हजारों की संख्या में जान-माल की भारी क्षति होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बछवाड़ा, तेघड़ा व अन्य सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों एवं मवेशियों को सुरक्षित स्थान की व्यवस्था नहीं हो पाती है जिसके कारण भारी संख्या में जान-माल को सुरक्षित स्थान पर पहुँचाने में कठिनाई होती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि बाढ़ क्षेत्र के भीतर ऊँची जगह (टिल्हकी) नहीं रहने के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो जान-माल की क्षति रोकने हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

पटना :
दिनांक 25 अगस्त, 2017 (ई0) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 32-डी0टी0पी0-500